भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 28
सोमवार, 1 दिसम्बर, 2025 (10 अग्रहायण, 1947 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

एलायंस एयर द्वारा 'निश्चित हवाई किराया' प्रायोगिक योजना

28. श्री बी. पार्थसारधी रेड्डी

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने "फेयर से फुरसत" प्रायोगिक योजना शुरू की है, जिसमें चयनित एलायंस हवाई मार्गों पर निश्चित हवाई किराए की पेशकश की गयी है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त पहल के उद्देश्य क्या हैं;

(ग) क्या सरकार ने पहली बार यात्रा करने वाले यात्रियों और निम्न आय वर्ग के यात्रियों के लिए इसकी वहनीयता के प्रभाव का आकलन किया है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और क्या उड़ान योजना के अंतर्गत अन्य क्षेत्रीय मार्गों पर भी इसी प्रकार का 'निश्चित हवाई किराया' लागू करने का प्रस्ताव है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख) एलाइंस एअर एविएशन लिमिटेड, भारत सरकार के सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रम ने दिनांक 13.10.2025 से 31.12.2025 तक की यात्रा के लिए, चयनित 25 मार्गों पर प्रयोगिक आधार पर एक रूट, एक किराया योजना शुरू की है। यह योजना दिनांक 13.10.2025 से 31.12.2025 तक की अवधि के लिए इन चयनित मार्गों पर निश्चित किराया की सुविधा प्रदान करती है।

(ग) इस योजना के तहत किराए को किफायती कीमत पर निश्चित रखा गया है।

(घ) उड़ान योजना के तहत आरसीएस सीटों का किराया पहले से ही कम है, जिससे वे किफायती हो गई हैं।

*****